## एक नजर में

### श्री हनुमान जन्म उत्सव धूमधाम के साथ मनाया

**झाडला 02 अप्रैल, सं.** श्री हनुमान जन्म उत्सव के पावन पर्व के अवसर पर झाडला सहित आसपास के गांव बिसारती, झुमका, पखरी, हिकमी, अंवाली आदि गांव में जन्म उत्सव मनाया गया. झाडला में श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में हनुमान जी प्रतिमा को नवीन वस्त्र आभूषण से श्रंगार कर फूल माला पहनाकर आकर्षक सजावट कर बड़े हर्ष उल्लास के साथ श्री खेड़ापति हनुमान जन्म उत्सव मनाया गया. गांव बस स्टेण्ड हनुमान मंदिर पर भी हनुमान जन्म उत्सव मानया गया. जन्म उत्सव के चलते दोपहर के समय गांव के श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर मैं शंखनाद के साथ महाआरती की गई. महाआरती में सैकड़ो की संख्या में महिलाओ और पुरुषो ने भाग लिया. गांव के घोड़ा बावडी स्थित हनुमान मंदिर पर सुन्दरकाण्ड गांव की समिति के द्वारा की गई. आरती के बाद भजन भी गाये गये. तत पश्चात महाप्रसादी वितरण की गई. जन्म उत्सव इस दौरान गांव के सभी मंदिरों विशेष साज सज्जा की गई और भजन कीर्तन रामायण पाठ किया गया जो दोपहर के बाद हवन शांति के बाद सम्पन्न हुआ.

### वाटर-हारवेस्टिंग प्रशिक्षण 04 को

**राजगढ़ 02 अप्रैल, का.** कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड राजगढ़ द्वारा बताया गया कि सीजीडब्लयुबी एनसीआर भोपाल द्वारा भूजल प्रबंधन वाटर-हारवेस्टिंग हेतु प्रशिक्षण 04 अप्रैल, 2026 को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा. कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड राजगढ़ संबधित विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी / तकनीकी अमले (सहायक यंत्री एवं समस्त उपयंत्री) को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने हेतु आग्रह किया है.

### राज्य स्तरीय खेलवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित

**राजगढ़ 02 अप्रैल, का.** संचालनालय खेल और युवा कल्याण मध्यप्रदेश 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च के मध्य आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों से राज्य स्तरीय खेलवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है. अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को 10 हजार रूपये राशि रजत पदक विजेता खिलाडी को 8 हजार रूपये राशि एवं कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी को राशि 6 हजार रूपये खेलवृत्ति राशि प्रदान करने का प्रावधान है. वर्ष 2025 की खेलवृत्ति हेतु आवेदन 31 मई तक स्वीकार किए जा सकेंगे. खेलवृत्ति हेतु आवेदन पत्र कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण विभाग राजगढ़ (पुराना पुलिस अधीक्षक कार्यालय) से कार्यालय समय में प्राप्त कर सकते है. 31 मई के पश्चात् प्राप्त आवेदन-पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा.

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित करने में आता है की पूर्व में मेरा नाम सयद गालिब हुसैन पिता अकील हुसैन काजी था और अब गालिब हुसैन काजी पिता अकील हुसैन हो गया हैं अब मुझे इसी नाम से जाना जाये, पता वार्ड क्र. 18 काजी वाडा सारंगपुर जिला राजगढ़ (MP) पिन 465697,मोब. 7509844096

### मां अंजना की गोद में बैठे श्रीअंजनीलालजी

श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर आकर्षक श्रृंगार किया गया. श्री अंजनीलाल के समीप ही माता अंजना जी विराजमान हुई. विभिन्न प्रकार के फूलों के साथ आकर्षक विद्युत साज-सज्जा की गई जो देखते ही बन रही थी. शाम को महाआरती के पश्चात सामुहिक रुप से सुंदर काण्ड पाठ हुआ जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन शामिल हुए.

**सुठालिया.** नगर के हनुमानमंदिर पर 56 भोग लगाए.

**राजगढ.** अखाड़े के कलाकारों ने हैरत अंगेज करतब दिखाए.

***ब्यावरा.*** *पीपलेश्वर महादेव के शिवलिंग पर ही हनुमान प्रतिमा बनाई.*

### हरियाणा का प्रसिद्ध अखाड़ा बना आकर्षण का केंद्र

राजगढ़ 02 अप्रैल, का. जिला मुख्यालय पर गुरुवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया. इस अवसर पर आयोजित परंपरागत चल समारोह में इस बार हरियाणा के पानीपत से आए प्रसिद्ध दिलेर खालसा अखाड़े ने विशेष आकर्षण का केंद्र बनकर सभी का मन मोह लिया. वही नगर भर के मंदिरों में दिनभर धार्मिक आयोजन हुए.

# भक्तिभाव से मनाया भक्त शिरोमणि का अवतरण दिवस

## जिले भर में हर्षोल्लास से मनाई हनुमान जयंती, मंदिरों पर सजावट रामायण पाठ हुए, ब्यावरा में सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया

**रामभक्त हनुमान की भक्ति में लीन हुए श्रद्धालु**
**नगर, कस्बे, गांवों में गूंजे हनुमानजी के जयकारे**
**जिले भर में हुए धार्मिक आयोजन, मंदिरों में उमड़ी भीड़**
**आकर्षक साज-सज्जा, महाआरती के आयोजन हुए**
**अंजनीलाल धाम पर हुआ सामूहिक सुंदरकाण्ड का अद्भुत आयोजन**

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 02 अप्रैल, का. श्री रामभक्त हनुमान जी के जन्मोत्सव पर नगर सहित जिले भर में मंदिरों में धार्मिक आयोजन, अनुष्ठान हुए. शोभायात्राएं निकाली, महाआरती, भजन संध्या, प्रसादी वितरण के आयोजन हुए. श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर शाम को महाआरती के बाद सामुहिक सुंदर काण्ड पाठ का अद्भुत आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर सुंदर काण्ड पाठ किया. नगर के प्राचीन बीड़ मंदिर, श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर, श्री बालाजी मंदिर, श्री जगात मंदिर, चिंताहरण हनुमान मंदिर, श्री खड़े हनुमान मंदिर, बागे वाल हनुमान मंदिर, खेड़ापति हनुमान मंदिर कॉलेज परिसर सहित मंदिरों में आकर्षक श्रृंगार, धार्मिक अनुष्ठान हुए. प्रातः से ही मंदिरों में दर्शन, पूजा-अर्चना करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ने लगी.**

**जयकारों के साथ निकली शोभायात्रा** - स्थानीय ढकोरा रोड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर से शाम को हिन्दू उत्सव समिति के द्वारा प्रभावी शोभायात्रा निकाली गई.जो प्रमुख मार्गो से होते हुए पुराना बस स्टेण्ड पर श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर पहुंची जहां महाआरती की गई. इसके पूर्व सनातन हिन्दू उत्सव समिति के तत्वावधान में शीतला माता मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई जो प्रमुख मार्गो से होते हुए बस स्टेण्ड के सामने बगीचे स्थित मंदिर परिसर पहुंची जहां महाआरती के साथ समापन हुआ. भंवरगंज स्थित प्राचीन रामलला मंदिर परिसर में भव्य महाआरती का आयोजन हुआ. बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. श्री हनुमान जन्मोत्सव पर प्रतिवर्ष महाआरती का आयोजन हर्षवर्धन सिंह तोमर द्वारा स्व शैलेन्द्र सिंह तोमर पूर्व बजरंग दल प्रखण्ड संयोजक की स्मृति में किया जाता है.

### गढ़ी सरकार के दर्शन करने पहुंचे हजारों श्रद्धालु

नवभारत न्यूज

**नरसिंहगढ़ 02 अप्रैल, सं. अंजनीसुत पवनपुत्र भगवान हनुमान की जयंती गुरुवार को नगर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई. इस अवसर पर शहर के सभी हनुमान मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, सुंदरकांड पाठ और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए. जयंती के उपलक्ष्य में नगर के प्रमुख श्री बड़ी हनुमान गढ़ी मंदिर से भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना के पश्चात दोपहर 12 बजे विशाल चल समारोह प्रारंभ हुआ, जो परंपरागत मार्गों से होते हुए देर शाम पुनः मंदिर पहुंचा. जहां हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में बजरंगबली की महाआरती सम्पन्न की गई.**

शोभायात्रा में ध्वज-पताकाओं, ढोल-नगाड़ों और डीजे पर बजते भजनों के साथ भक्तिमय माहौल बना रहा. युवाओं ने भजनों की धुन पर जमकर नृत्य किया, वहीं श्रद्धालु जय श्रीराम और वीर बजरंगी के जयकारों के साथ पूरे नगर में उत्साह का वातावरण निर्मित करते रहे. विभिन्न चौराहों पर स्वागत द्वार बनाकर पुष्पवर्षा की गई तथा श्रद्धालुओं को शीतल पेय वितरित कर चल समारोह का स्वागत किया गया. इस दौरान विधायक मोहन शर्मा, समिति अध्यक्ष सुरेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे. संध्या ट्रेवल्स द्वारा श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क बस सेवा की व्यवस्था भी की गई. इसके अलावा धर्मशाला स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर, बड़ा बाजार, चमेली छत्री, किला, छोटी हनुमान गढ़ी, रणजीत हनुमान, पांडव चौराहा, कंतोड़ा, मंगलवारिया, चंपी, संजय नगर सहित नगर के विभिन्न मंदिरों में प्रकटोत्सव की धूम रही. सभी स्थानों पर हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकांड, महाआरती एवं महाप्रसादी वितरण के कार्यक्रम पूरे श्रद्धा भाव के साथ सम्पन्न किए गए.

मनोज शर्मा, राजेश रावला, सचिन गुप्ता, जगदीश यादव, ओम परमार, डॉक्टर मुन्नालाल वर्मा, किरणचंद्र सक्सेना, यशवंत सिंह माली, कुंजीलाल परमार, दिनेश पाटीदार, लक्ष्मीनारायण परमार, राजेंद्र परमार, भोजराज खाती, जगदीश दरबार, बंटी गुर्जर, विशाल गुप्ता, पीयूष गुप्ता, विक्की गुर्जर, जुझार सिंह परमार सहित ग्रामीण शोभा यात्रा वह महाआरती में शामिल हुए.

### 56 भोग का आयोजन

**पड़ाना 02 अप्रैल, सं.** गुरुवार हनुमान जयंती के पावन पर्व के दौरान नगर सहित आसपास ग्रामीण अंचल मऊ मगराना, आशारेटा, बरूखेड़ी, करौंदी, रामपुरिया खेड़ा, साधन खेड़ी, गुलावता, तूकोगंज सहित अन्य ग्रामीण अंचलों के हनुमान मंदिरों में मंगला आरती पश्चात दर्शनार्थियों व श्रद्धालुओं द्वारा राम स्तुति पाठ हनुमान चालीसा राम नाम का जप हवन पूजन इत्यादि का आयोजन किया गया.

इसी के चलते नगर के खेड़ापति मित्र मंडल के तत्वाधान में बाबा का आकर्षक श्रंगार कर छप्पन भोग का आयोजन किया गया. तत्पश्चात गुरुवार 11 ढोल डीजे रामधुन के साथ आशारेटा रोड से केसरिया पताका ध्वज की शोभायात्रा निकाली गई. जो नगर के सदर बाजार, बैंक वाली मां अंबे माता, गांधी चौक टेंपो स्टैंड, पाटीदार मोहल्ला होते हुए 300 वर्ष प्राचीन खेड़ापति सरकार धाम मंदिर परिसर पहुंची. इस दौरान शोभा यात्रा में

### जन्मोत्सव पर निकला चल समारोह

**सुठालिया 02 अप्रैल, सं.** गुरुवार को पवन पुत्र हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव नगर में परम्परागत उल्लास के साथ मनाया गया. सुबह से ही नगर के हनुमान मंदिरों में भक्तो की भीड़ उमड़ी. हनुमान जन्मोत्सव के लिए व्यापक तैयारिया की गई थी. नगर के प्राचीन महावीर आश्रम बडा बाग में बुधवार को एक दिवसीय रामायण पाठ शुरू हुआ एवं गुरुवार को प्रातः छह बजे आरती के बाद बाबा का आकर्षक श्रंगार पंडित प्रदीप नागर रतलाम वाले ने किया. सम्पूर्ण मंदिर परिसर की साज सज्जा मंदिर के पुजारी पं. अरूण शर्मा ने की. छप्पन भोग दर्शन महाआरती सुंदरकाण्ड पाठ हनुमान चालीसा के बाद प्रसाद वितरित किया गया. वही दिन भर भोग दर्शन किए. वही श्री राम मंदिर स्थित खेड़ापति हनुमान मन्दिर में बाबा का आकर्षक श्रंगार किया गया. शाम को सुंदरकांड का पाठ के बाद भंडारा आयोजित किया गया. ब्यावरा रोड पर स्थित मंशापूर्ण हनुमान मन्दिर मधुसूदनगढ रोड पर स्थित संकट मोचन हनुमान मन्दिर श्रीराम मन्दिर गढ़ी स्थित हनुमान मन्दिर परलापुरा के खेडापति हनुमान मन्दिर आदि मन्दिरो पर एक दिवसीय रामायण पाठ हवन पूजन सुंदरकांड पाठ का आयोजन व प्रसादी वितरण किया गया. हनुमान जन्मोत्सव पर सायंकाल बजरंग दल व् अखाड़े द्वारा विशाल चल समारोह परलापुरा से निकाला गया जो नगर के मुख्य मार्गो से होता हुआ बड़ाबाग में संपन्न हुआ जहां आरती पश्चात प्रसादी वितरण हुआ. चल समारोह के दौरान बजरंग अखाड़े के कलाकारों ने हैरतअंगेज कारनामे दिखाए. वही मधुसुदनगढ़ रोड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति द्वारा भी दोपहर को चल समारोह निकाला गया. इस दौरान मंदिरों में आकर्षक साज सज्जा की गई.

### मंदिरों में गूंजी रामधुन, पताकाएं सजी

**छापीहेड़ा 02 अप्रैल, सं.** नगर में हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाई गई. इस अवसर पर नगर के प्रमुख मंदिरों, कांकरिया रोड स्थित सिद्ध हनुमान मंदिर, रामपुरिया हनुमान मंदिर और तालाब मोहल्ला स्थित बालाजी मंदिर में भगवान हनुमान का भव्य श्रृंगार, विशेष पूजा-अर्चना और सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया. हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर नगर के रामपुरिया बालाजी मंदिर से पूजा अर्चना करने के पश्चात भव्य चल समारोह का आयोजन किया गया. यह चल समारोह पाटीदार मोहल्ला ,कुशवाहा मोहल्ला, धाकड़ मोहल्ला, बाजार चौक होते हुए, काकरिया रोड स्थित सिद्ध बालाजी हनुमान मंदिर पर पहुंचा. चल समारोह में बैंड बाजे और ढोल धमाके के साथ श्रद्धालु भक्त नाचते गाते हुए शामिल हुए. चल समारोह का नगर में विभिन्न जगहों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत भी किया गया. श्री सिद्ध बालाजी मंदिर पर हनुमान जी महाराज की विशेष पूजा अर्चना की गई. इसके साथ ही श्री सिद्ध बालाजी मंदिर सेवा समिति के द्वारा सभी श्रद्धालुओं भक्तों का शीतल पेय और प्रसाद का वितरण किया गया. इस अवसर पर रामपुरिया बालाजी मंदिर परिसर में गुरुवार की रात्रि में 56 भोग एवं भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा.

### गुलावता में बाबा का किया आकर्षक श्रंगार

**पडाना 02 अप्रैल, सं.** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी समीप के ग्राम गुलावता में हनुमान जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. हनुमान जन्मोत्सव के दौरान पंडित वेद विभूषण पुरुषोत्तम बैरागी उज्जैन के द्वारा बाबा का अभिषेक कर आकर्षक श्रृंगार एवं चोला पहनकर दोपहर 12 मध्याह्न महा आरती कर प्रसाद वितरण की गई.

### 450 साल पुराने मंदिर में हुआ भव्य श्रृंगार

**नवभारत न्यूज, खिलचीपुर 02 अप्रैल, सं.** राजगढ़ जिले के खिलचीपुर में गुरुवार को हनुमान जयंती का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया. खांडी बावड़ी स्थित करीब 450 वर्ष पुराने वीर हनुमान मंदिर में भगवान हनुमान का विशेष पूजन-अर्चन और भव्य श्रृंगार किया गया. हनुमान जयंती के अवसर पर मंदिर को रंग-बिरंगे फूलों, आकर्षक सजावट और धार्मिक प्रतीकों से सजाया गया, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आया. सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें दर्शन के लिए लगनी शुरू हो गईं और दिनभर मंदिर परिसर बजरंगबली के जयकारों से गूंजता रहा. मंदिर में भगवान हनुमान का सवा दो किलो चांदी के आभूषणों से विशेष श्रृंगार किया गया. पुजारी पंडित राम पांडे ने बताया कि सुबह भगवान का अभिषेक 11 प्रकार के फलों के रस और पंचामृत से किया गया. इसके बाद विधि-विधान से विशेष पूजा-अर्चना और महाआरती संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. पूरे दिन मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान और पूजा-पाठ का क्रम जारी रहा. इतिहासकारों के अनुसार रियासतकाल में राजा उग्रसेन द्वारा वर्ष 1544 में मंदिर का निर्माण कराया गया था. यहां स्थापित हनुमान जी की प्रतिमा भी लगभग 450 वर्ष पुरानी बताई जाती है, जिसके कारण यह मंदिर आसपास के गांवों और क्षेत्रों की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है. मंदिर की एक विशेष परंपरा भी श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र है. यहां पिछले 35 वर्षों से लगातार 24 घंटे अखंड रामायण पाठ चल रहा है.

**विवाद** | **राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने सरपंच के आरोपों को निराधार बताया, कहा द्वेषतापूर्ण हरकत**

# खण्डन : सरपंच के आरोपों पर राज्यमंत्री ने वीडियो जारी किया

**सुल्तानिया में सरपंच पर हुए हमले के बाद विवाद बढ़ा, न्यायालय से हो चुका है प्रकरण निरस्त**

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 02 अप्रैल, सं. हाल ही में सरपंच द्वारा लगाए गए आरोपों के विरोध में राज्यमंत्री डॉ टेटवाल ने वीडियो जारी कर खण्डन किया है. उन्होंने कहा कि ब्लाक के ग्राम सुल्तानिया मे गुरुवार को ग्राम पंचायत सुल्तानिया में सरपंच पर हुए हमले को लेकर जो जो मामला सामने आ रहा है. जिसमें मामले को पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सरपंच हाथिया के विरुद्ध पूर्व में ही गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं.**

**जिनमें मारपीट, शासकीय कार्य में बाधा तथा छेड़छाड़ जैसे कुल 6 मामले पचोर थाने में एवं एक मामला सारंगपुर थाने में दर्ज है.**

मंत्री टेटवाल ने बताया कि इसके अतिरिक्त पचोर थाना द्वारा इनके विरुद्ध धारा 110 के तहत जिला बदर की कार्यवाही भी पूर्व से प्रचलित है. इसी क्रम में संबंधित व्यक्ति द्वारा राजनीतिक द्वेषवश राज्यमंत्री का नाम अनावश्यक रूप से लिया जा रहा है. जो पूर्णतः निराधार एवं भ्रामक है. राज्यमंत्री ने स्वयं इस विषय में एक वीडियो जारी कर सच्चाई को सार्वजनिक किया है. उन्होंने स्पष्ट किया है कि वे सदैव जनसेवा और विकास कार्यों के प्रति समर्पित रहे हैं तथा किसी भी प्रकार के दुष्प्रचार से विचलित होने वाले नहीं हैं.

उल्लेखनीय है कि सरपंच हाथिया द्वारा मंत्री के विरुद्ध न्यायालय में प्रस्तुत प्रकरण का निराकरण वर्ष 2024 में ही हो चुका है. पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में न्यायालय द्वारा उक्त प्रकरण निरस्त कर दिया गया था. राज्यमंत्री द्वारा अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास की योजनाएं पहुँचाने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं.

जिससे प्रभावित होकर कुछ तत्व राजनीतिक दुष्प्रचार फैलाने का कार्य कर रहे हैं. इस मामले को लेकर मीडिया ने ग्रामीणों चर्चा की तो उन्होंने बताया कि यह पूरा विवाद दो दिन पूर्व अतिक्रमण को लेकर हुआ है. गुरुवार सुबह इस विवाद ने उग्र रूप ले लिया. इस विवाद में सरपंच द्वारा राज्यमंत्री डॉ गौतम टेटवाल पर जो आरोप लगाए जा रहे हैं वह पूरी तरह निराधार है.

### सिविल अस्पताल का निरीक्षण कर जाना हाल

**नवभारत न्यूज, सारंगपुर 02 अप्रैल, सं.** राज्यमंत्री डॉ गौतम टेटवाल ने सिविल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया. अस्पताल की व्यवस्थाओं को देखा तथा आवश्यक जानकारी ली. बेहतर उपचार एवं सुविधा मिले इस हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए. ताकि आमजन को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मिलती रहे. ऑपरेशन थियेटर में सफल सीजर ऑपरेशन के माध्यम से सुरक्षित डिलीवरी कराने वाली डॉक्टरों की टीम को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया.

### शीघ्र डायलिसिस सुविधा होगी शुरू

जनहित को ध्यान में रखते हुए जल्द ही अस्पताल में डायलिसिस एवं एटीएम सुविधा प्रारंभ करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया ताकि यहां आने वालों को इसका लाभ मिल सके. इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल जैन,मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद,सुधीर श्रीमाल,आनंद सक्सेना, डॉ अंकित यादव,डॉ सरिता यादव सहित अस्पताल स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे.

### पेंशनरों की मांग, हमारी समस्याएं प्राथमिकता से ली जाएं

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 02 अप्रैल, का. प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन शाखा ब्यावरा द्वारा मां वैष्णो देवी मंदिर परिसर में जिला पेंशनर सम्मान समारोह आयोजित किया गया. जिसमें संगठन की एकजुटता पर जोर देते हुए पेंशनरों की समस्याओं को प्राथमिकता से लेते हुए उनके जल्द निराकरण की मांग उठी. पेंशनरों ने एकजुटता दिखाई.**

पेंशनरों की समस्याओं को रखते हुए कहा कि डीए का भुगतान समय पर किया जाये. उपचार के लिए केश लैस व्यवस्था 62 वर्ष की आयु से शुरु हो. पेंशन में वृद्धि को लेकर कहा कि 65 वर्ष में 5 एवं 70 में 10, 75 में 15 एवं 80 में 20 प्रतिशत पेंशन में बढ़ोत्तरी की जाये. जिला पेंशनर सम्मान समारोह पंडित दिनेश कुमार नागर की अध्यक्षता एवं आर.के.मीना के मुख्य आतिथ्य व रघुनंदन शर्मा संरक्षक जिला पेंशनर एसोसिएशन राजगढ़, एम.एम. दीक्षित, अमरसिंह बिकाबत, लक्ष्मी नारायण त्रिकार,गंगाधर वर्मा अध्यक्ष शुजालपुर, गजराज सिंह वर्मा पोलायकलां, मांगीलाल अंबातिया मोहन बड़ोदिया, के.के.श्रीवास्तव मक्सी, रमेशचंद शर्मा, कल्लू खां कुरेशी, एस.के.गुप्ता के विशेष आतिथ्य में आयोजित किया गया. कैलाश नारायण सुतार द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया. संचालन शाखा सचिव राधेलाल टेलर एवं समन्वयक दौलतराम यादव द्वारा किया गया. वर्ष1954 में जन्मे सभी पेंशनर भाई, बहनों का पुष्पहार, शाल, दुप्पटा, प्रतीक चिन्ह द्वारा स्वागत किया गया.

ब्यावरा शाखा के अध्यक्ष कालूराम शाक्यवार का कार्यकाल समाप्त होने पर उन्हें एक बार फिर निर्विरोध रुप से पुनः 2 वर्ष के लिए अध्यक्ष चुना गया. सभी पेंशनर साथियों द्वारा बधाई दी गई. कार्यक्रम को सफल बनाने में कृष्ण दास अग्रवाल, घनश्याम दास गोड़, अशोक पालीवाल, कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं पेंशनर साथियों का सहयोग रहा. वरिष्ठ पेंशनर अशोक कुमार भार्गव ने आभार माना.